I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)

# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 154 Cr.P.C.)
## प्रथम सूचना रिपोर्ट
### (धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. **District (जिला):** STATE VIGILANCE BUREAU **P.S. (थाना):** SVB ROHTAK **Year (वर्ष):** 2017

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0010 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 28/11/2017 19:35 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(2) |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)E |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Tuesday **Date from (दिनांक से):** 28/11/2017 **Date To (दिनांक तक):** 28/11/2017

**Time Period (समय अवधि):** Pahar 7 **Time From (समय से):** 18:43 hrs **Time To (समय तक):** 18:43 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 28/11/2017 **Time (समय):** 18:43 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 010 **Date and Time (दिनांक और समय):** 28/11/2017 18:43 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 55 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** sonepat,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):** KUNDLI

**District (State) (जिला (राज्य)):** SONIPAT (HARYANA)

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** Narinder Singh

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 20/07/1965 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

**I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | HNo 453-A Dev Colony Rohtak, ROHTAK CITY, ROHTAK, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | HNo 453-A Dev Colony Rohtak, ROHTAK CITY, ROHTAK, HARYANA, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9050008241

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रणबीर सिँह पटवारी | | | 1. पलडीकला त0 राई जिला सोनीपत,SONIPAT,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में, श्री मान जी, तहरीर निम्न प्रकार से है कि जांच क्रमांक 5 दिनांक 5.09.13 सोनीपत महानिदेशक राज्य चौकसी ब्यूरो, पंचकूला के पृष्ठ क्रमांक 23183/I-1/रा0चौ0ब्यूरो पंचकुला दिनांक 11.09.2013 अनुसार पडताल हेतु इस कार्यालय के डायरी नं0 2414 दिनांक 16.09.2013 के अनुसार प्राप्त हुई थी। यह जांच आसूचना रिपोर्ट के आधार पर दर्ज हुई थी । जांच पुलिस अधीक्षक, राज्य चौकसी ब्यूरो रोहतक की देख रेख में श्री रामभज उप पुलिस अधीक्षक रोहतक द्वारा की गई। जिसमें आरोप था कि रणबीर सिँह पटवारी हल्का कुण्डली S/0 श्री अतर सिँह कौम जाट गाँव पलडीकला त0 राई जिला सोनीपत ने गांव नाथुपुर में रजिस्ट्री नं0 6498 दिनांक 12.11.10 को 23.44 लाख रू0 में 3 कनाल 15 मरले जमीन व रजिस्ट्री नं0 12068 दि0 08.09.11 अनुसार 19.69 लाख रू0 में 2 कनाल 5 मरले जमीन अपनी पत्नी के नाम खरीद की हुई है। एक कार नं0 एच0 आर0-10 टी0-0990 खरीद की हुई है व एक रिवाल्वर खरीद कर रखी है, जिससे लोगो को डरा धमकाकर रिश्वत की मांग करता है तथा इसने कई प्लाट सोनीपत शहर राई,कुण्डली,पुलिस चौकी बहालगढ के पास जटवाडा सोनीपत में व अन्य आस-पास के शहरो में अपने व अपने परिवार तथा अपने रिश्तेदारो के नाम खरीद करके आय से अधिक सम्पति अर्जित की है। प्रतिवादी द्वारा गांव दहिसरा के इंतकाल नं0 955 में वर्णित भूमि की खरीद फरोख्त में भागीदारी है तथा दिनांक 05.01.10,14.01.10,17.01.10, 22.01.10, 27.01.10,08,02.10, 23.02.10, 03.03.10, 05.03.10, 17.03.10, 22.03.10, 23.03.10, 25.03.10, 26.03.10, 28.03.10 की नकले प्रतिवादी द्वारा दी गई है व सरकारी फीस मुबलिक रकम 4675 रू का गबन किया । प्रतिवादी द्वारा गांव दहिसरा में इंतकाल 1018,1022 व 1099 फर्जी किया है । जांच की पडताल उपरान्त श्री रणबीर सिंह दिनांक 06.06.97 को बतौर पटवारी नियुक्त होना पाया गया है। अपनी नियुक्ति के दौरान प्रतिवादी सोनीपत,गन्नौर,राई व कुण्डली आदि जगहों पर तैनात रहा है। प्रतिवादी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति बिमला देवी के नाम रजि0 6498 दि 12.11.10 अमुसार 3 कनाल 15 मरले जमीन रतनी पुत्री श्री अंग्रेज से मुबलिक रकम 23,44,000 रू में गांव नाथूपुर में खरीद की जानी पाई गई। जिस पर 70,320 रूपये स्टाम्प शुल्क व 12500 रूपये पंजीकरण शुल्क दिया गया। इसी प्रकार गांव नाथूपुर में ही प्रतिवादी द्वारा रजि0 नं0 12068 दि0 08.09.11 अनुसार 2 कनाल 5 मरले जमीन अपनी पत्नी श्रीमति बिमला देवी के नाम मुबलिक रकम 19,69,000 रू में शीला व उर्मिला पुत्रीयान श्री जवाहर सिँह वासी नाथूपुर से खरीद की जानी पाई गई जिस पर 59070 रूपये स्टाम्प शुल्क तथा 10,000 रूपये पंजीकरण शुल्क दिया गया । प्रतिवादी द्वारा उपरोक्त जमीन की खरीद फरोख्त अपनी पैतृक 8 कनाल जमीन दिनांक 21.09.10 को फुल पेमेन्ट ईकरारनामा पर 60 लाख रूपये में बेचकर उसमें से प्राप्त नकद 55 लाख रू मे खरीद की जानी बताई परन्तु खरीददार मुकेश कुमार के बैंक खाते में उपरोक्त समय अवधि में इस राशि की निकासी बारे कोई ईंद्राज नही मिला । राजस्व रिकार्ड में उपरोक्त 8 कनाल भूमि पटवारी रणबीर सिँह के नाम ही है । रणबीर सिँह पटवारी ने उपरोक्त 8 कनाल जमीन बेचने बारे अपने विभाग को भी सूचित नहीं किया अत इसे उसकी ज्ञात स्त्रोतो से प्राप्त आय नही माना जा सकता। प्रतिवादी द्वारा एक कार एच0आर0-10टी0-0990 खरीदने के सम्बन्ध में उप मण्डल अधिकारी सोनीपत की रिपोर्ट अनुसार कार एच0आर0-10टी0-0990 श्री योगेन्द्र सिंह पुत्र श्री धर्म सिंह वासी म0 नं0 1202,सैक्टर-14,सोनीपत के नाम पर दर्ज है इस सम्बन्ध में योगेन्द्र सिँह ने अपने कथन में बतलाया कि एच0 आर0 10 टी 0990 उसकी गाडी है और आज भी यह गाडी उसके पास है। रणबीर सिंह पटवारी उसका दोस्त है। दोस्ती होने के नाते कभी-कभी अपने काम

**I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)**

के लिए इस गाडी को मांग कर ले जाता है प्रतिवादी व उसके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर कोई भी वाहन दर्ज नहीं है।इसके अतिरिक्त जहां तक प्रतिवादी द्वारा रिवाल्वर खरीद व अपने पास रखकर गरीब किसानो को डराने,धमकाने व जबरन रिश्वत वसूली का प्रश्न है,इस सम्बन्ध में कथनो व प्रलेखो की पडताल पर पाया गया कि जिलाधीश सोनापत की रिपोर्ट अनुसार शस्त्र लाईसैन्स नं0 3308/डी0 एम0/एस0एन0 पी0/जुलाई-2004 प्रतिवादी के नाम पर जारी किया जाना पाया गया,जिस पर एक रिवाल्वर .32 बोर नं0 एफ0जि0-32941,एम0 के0-1 दर्ज है,जोकि फील्ड गन फैक्टरी,कालपी रोड कानपुर से दिनांक 22.11.04 को मुबलिक रकम 62,116/-रू में खरीद किया जाना पाया गया। जहां तक प्रतिवादी द्वारा अपने परिवार के सदस्यो व रिश्तेदारो के नाम शहर सोनीपत,राई, कुण्डली,बहालगढ चौकी के पास व जटवाडा (सोनीपत) ऐरिया में प्रोपर्टी खरीदने का प्रश्न है,इस सम्बन्ध में तहसीलदार सोनीपत,राई जिसमें उपरोक्त ऐरिया आता है,से रिपोर्ट प्राप्त की गई,तहसीलदार सोनीपत की रिपोर्ट अनुसार प्रतिवादी व उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम कोई भूमी व प्लाट आदि नही है।नायब तहसीलदार राई की रिपोर्ट अनुसार प्रतिवादी के नाम पर उसके पैतृक गांव पलडीकलां में 21 कनाल 17 मरले भूमि की मलकीयत है व गांव नाथूपुर में प्रतिवादी की पत्नी श्रीमती बिमला देवी के नाम पर 6 कनाल भूमि की मलकीयत है।इसके अतिरिक्त प्रतिवादी व उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम तहसील राई में और कोई जमीन या प्लाट दर्ज नहीं पाया गया । प्रतिवादी द्वारा जो रिवाल्वर खरीद किया गया है.इस सम्बन्ध में विभाग से कोई अनुमति प्राप्त की जानी नही पाई गई।अत प्रतिवादी के विरूद्ध हरियाणा सीविल सेवाऐं (दण्ड एंव अपील)की धारा 8 के अन्तर्गत कार्यवाही करने की सिफारिश की गई। जांच के दौरान गलत ईन्द्राज करने,ईंतकाल/नकल देने की फीस के गबन व किसानो को रिवाल्वर से धमका कर रिश्वत लेने के आरोप सिद्ध नहीं रहे। दिनांक 05.03.10 को प्रतिवादी द्वारा एक खाते व एक इंतकाल की नकल दी जानी पाई गई है.जिनकी सरकारी फीस लगभग 460 रू बनती है, जो प्रतिवादी द्वारा उजरत रजि0 में दर्ज की जानी नहीं पाई गई है। उस समय प्रतिवादी पर दो पटवार सर्कल राई व जांटी कलां का चार्ज पाया गया व फसल की गिरदावरी का कार्य भी चलना पाया गया,इस प्रकार कार्य की अधिकता के कारण उक्त 460/-रू की सरकारी फीस का इन्द्राज ना होना व जमा ना करवाना प्रतीत होता है। प्रतिवादी से 460/-रू की रिकवरी व हरियाणा सिविल सेवाएं(दण्ड एंव अपील) की धारा 8 के अन्तर्गत कार्यवाही करने की सिफारिश करके हरियाणा सरकार मुख्यालय के माध्यम से भेजी गई थी। आरोपी की नोकरी पाने व जांच दर्ज होने तक वेतन तथा उसकी पैत्रिक सम्पति से प्राप्त कुल बचत 12,63,424 रूपये बनती है जबकि उसने इस दौरान दिनांक 22.11.2004 को 62116 रूपये रिवाल्वर खरीदने में, दिनांक 12.11.2010 को 23,44,000 70,320 12,500 24,26,820 रूपये 3 कनाल 15 मरले जमीन अपनी पत्नी के नाम खरीदने में, दिनांक 8.9.2011 को 19,69,000 59,070 10,000 20,38,070 रूपये 2 कनाल 5 मरले जमीन नाथूपुर में अपनी पत्नी के नाम खरीदने में,(कुल 45,27,006रूपये) बनती है। इसकी 32,63,582 रूपये की सम्पति आय से अधिक मिली। जो जांच महानिदेशक,राज्य चौकसी ब्यूरो,हरियाणा पंचकुला के माध्यम से मुख्य सचिव हरियाणा सरकार को भेजी गई थी।जिन्होने अपने आदेश क्रमांक 62/59/13 - 4 चौकसी-∏ दिनांक 12-10-2017 व महानिदेशक राज्य चौकसी ब्यूरो, पंचकूला के पृष्ठ क्रमांक 13031/I-1/रा0चौ0ब्यूरो पंचकुला दिनांक 18.10.2017 द्वारा उपरोक्त आरोपी के विरूध 13(1) ई/ 13(2) पी0सी0 एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये गये।जो आदेश प्राप्त होने पर मुकदमा बा जुर्म दर्ज उपरोक्त आरोपी के विरूध दर्ज रजिस्टर किया जाकर अफसरानबाला को बजरिया टेलीफोन व ई-मेल द्वारा सूचित किया जाये व स्पेशल रिपोर्ट ईलाका मजिस्ट्रेट साहब को भेजी जाए।आगामी तफतीश हेतु अनुसंधान अधिकारी नियुक्त करवाकर नकल मिशल पुलिस व असल तहरीर मय समस्त जांच रिकार्ड अनुसंधान अधिकारी के हवाले की जाये।(नरेन्द्र सिंह,उ0पु0अ0)रा0चौ0ब्यू0 रोहतक।अज थाना हस्ब आमदा तहरीर पर मु0 बा जुर्म दर्ज रजिस्टर करके FIR की प्रतियां तैयार कि गई। अफसरान बाला को बजरियां स्पेशल मैसेन्जर/ Mail द्वारा सूचना दी गई व नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर मय सम्बन्धित जाँच रिकार्ड SP साहब द्वारा नियुक्त I/O उप पलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार राज्य चौकसी ब्यूरो, रोहतक मण्डल, रोहतक के हवाले किया गया व सि0 नसीब 1731/झज्जर के हवाले स्पेशल रिपोर्ट की जाकर डयूटी मैजिस्ट्रेट साहब सोनीपत को देने के लिये मुनासिब हिदायत देकर रवाना किया गया । उपरोक्त मुकदमा उप पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिँह की I.D. पर P/निरीक्षक नरेन्द्र कुमार की हाजिरी में दर्ज रजिस्टर किया गया।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** Narinder Singh (Dy. SP (Deputy Superintendant of Police))/IPS **or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** **Rank (पद):**

**No. (सं.):** **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Narinder Singh

**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** IPS

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 01/01/1980 | | | | **Is Proxitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s)(आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**